# आदेश बहियों, इन्वेंटरियों और क्षमता उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण: अप्रैल-जून 2012 (18 वां दौर) *

*इस लेख में आदेश बहियों, इन्वेंटरियों और क्षमता के उपयोग संबंधी ति1: 2012-13 के सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस) के निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया है। यह इस वर्ष की श्रृंखला का पांचवा सर्वेक्षण है। सर्वेक्षण के परिणामों से पता चलता है कि 2012-13 की पहली तिमाही में नए आदेशों की वृद्धि में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर बढ़ोतरी हुई, जो 2011-12 की तिमाहियों में घट रही थी, जिसका आंशिक कारण आधार का कम होना था। तथापि, क्षमता उपयोग का स्तर 13 तिमाहियों में से 2012-13 की पहली तिमाही में सबसे कम था। पिछली तिमाही की तुलना में 2012-13 की पहली तिमाही में बिक्री की तुलना में तैयार माल की इन्वेंटरी के अनुपात और बिक्री की तुलना में कच्चे माल की इन्वेंटरी के अनुपात में वृद्धि हुई।*

## I. भूमिका


भारतीय रिज़र्व बैंक आदेश बहियों, इन्वेंटरियों और क्षमता उपयोग संबंधी सर्वेक्षण तिमाही आधार पर करता आ रहा है। सर्वेक्षण अनुसूची विनिर्माण क्षेत्र की उन 2,500 पब्लिक और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के बीच प्रचारित की गई जिनका आकार/उद्योग-वार अच्छा प्रतिनिधित्व था। सर्वेक्षण में आदेश बहियों, इन्वेंटरियों और क्षमता के उपयोग में होने वाली गतिविधियों को शामिल किया जाता है जो आर्थिक गतिविधियों, स्फीतिकारक दबावों एवं समग्र कारोबारी चक्र के महत्त्वपूर्ण संकेतक हैं। सर्वेक्षण में एकत्रित की जाने वाली जानकारी में लक्षित समूह से संदर्भगत तिमाही में प्राप्त हुए नए आदेशों, तिमाही के प्रारंभ में बचे हुए पुराने आदेश, तिमाही के अंत में लंबित आदेश, चालू कार्य तथा तैयार माल को अलग-अलग दिखाते हुए तिमाही के अंत में कुल इन्वेंटरियों तथा स्थापित क्षमता की तुलना में मात्रा तथा मूल्य के संदर्भ में तिमाही के दौरान मदवार उत्पादन के मात्रात्मक आंकड़े शामिल हैं। क्षमता उपयोग के स्तर का अनुमान चयन की गई पद्धति[1] के अनुसार उपर्युक्त जानकारी के आधार पर लगाया जाता है। आदेश बहियों, क्षमता के उपयोग तथा इन्वेंटरियों में हुई गतिविधियों का अध्ययन करने के लिए रुझान का विश्लेषण किया जाता है और इस विश्लेषण में विभिन्न सर्वेक्षणों में शामिल समान कंपनियों को आधार के रूप में लिया जाता है ताकि संबंधित तिमाहियों के आंकड़ों की ठीक प्रकार से तुलना की जा सके। 2012-13 की पहली तिमाही के इस सर्वेक्षण (18वां दौर) में 1,154 विनिर्माण कंपनियों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 47 सरकारी कंपनियां, 817 पब्लिक लिमिटेड कंपनियां और 290 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां थीं[2]। यह विश्लेषण इन कंपनियों द्वारा पिछली 13 तिमाहियों अर्थात् 2009-10 की पहली तिमाही से 2012-13 की पहली तिमाही तक उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर आधारित है । डेटा सारणी **अनुबंध** में दी गई है।

## II. सर्वेक्षण के निष्कर्ष

### *II.1 आदेश बहियां*

उत्तर देने वाली 467 कंपनियों के औसत नए आदेशों में पिछली तिमाही की तुलना 2012-2013 की पहली तिमाही में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई (चार्ट 1, सारणी 1)। नए आदेशों की 19.4 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हाल की अवधि की तुलना में अधिक थी और यह कुछ हद तक कम आधार के कारण हो सकती है। यह भी देखा गया

चार्ट 1: सभी उद्योग - नए आदेशों में वृद्धि





* सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग के उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग में तैयार किया गया। 17वें दौर (जनवरी-मार्च 2012) के पिछले सर्वेक्षण पर आधारित इस विषयक पिछला लेख बुलेटिन के अगस्त 2012 अंक में प्रकाशित किया गया था। सर्वेक्षण का परिणाम उत्तरदाताओं से प्राप्त जानकारी पर आधारित है और यह जरूरी नहीं है कि भारतीय रिज़र्व बैंक उससे सहमत हो।


[1] सर्वेक्षण अनुसूची तथा विश्लेषण के लिए अपनाई गई पद्धति की जानकारी बुलेटिन के दिसंबर 2011 अंक में प्रकाशित लेख आदेश बहियों, इन्वेंटरियों और क्षमता के उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण : अप्रैल-जून 2011 (14वां दौर) में दी गई है।

[2] मानदण्ड के सामने दर्शाए अनुसार उत्तरदाताओं की संख्या अलग-अलग खंडों में भिन्न है।

**चार्ट 2 : क्षमता का उपयोग तथा प्रवृत्ति-असंबद्ध औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (विनिर्माण)**




**चार्ट 3 : बिक्री की तुलना में इन्वेंटरी का अनुपात**




कि लंबित आदेशों में वृद्धि का संभावित कारण नए आदेशों को पूर्णत: पूरा करने की अक्षमता हो सकता है।

## *II.2 क्षमता का उपयोग*

उत्तर देनेवाली कंपनियों के क्षमता उपयोग का स्तर 2011-12 की चौथी तिमाही के अधिकतम 79 प्रतिशत से घटकर (जो कुछ हद तक मौसम-तत्व को दर्शाता है) 2012-13 की पहली तिमाही में 72.9 प्रतिशत रह गया। चालू क्षमता उपयोग स्तर पिछली 13 तिमाहियों में सबसे कम है। क्षमता के उपयोग में हुआ बदलाव विनिर्माण क्षेत्र के प्रवृत्ति-असंबद्ध औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार है (चार्ट 2, सारणी 2)।

## *II.3 इन्वेंटरियां*

उत्तर देनेवाली 906 कंपनियों की औसत तैयार माल (एफजी) इन्वेंटरी तथा औसत कच्चा माल (आरएम) इन्वेंटरी - दोनों में पिछली तिमाही की तुलना में 2012-13 की पहली तिमाही में उच्चतर दर से वृद्धि हुई। इसके चलते बिक्री की तुलना में एफजी इन्वेंटरी के अनुपात में 2011-12 की चौथी तिमाही में देखी गई मंद वृद्धि में सुधार हुआ। बिक्री की तुलना में आरएम इन्वेंटरी के अनुपात में 2012-13 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई (चार्ट 3, सारणी 3), जिसका आंशिक कारण नए आदेश में हुई उच्चतर वृद्धि हो सकता है।

## III. निष्कर्ष

विनिर्माण क्षेत्र में नए आदेशों में सुधार के कुछ प्रमाण मिले हैं। तथापि, क्षमता उपयोग के स्तर में यह बात प्रतिबिंबित नहीं हुई जो 13 तिमाहियों में से वर्तमान तिमाही में निम्नतम स्तर पर रहा। लंबित आदेश में वृद्धि एवं बिक्री की तुलना में उच्चतर आरएम का संभाव्य कारण तिमाही के दौरान नए आदेशों को पूरा करने में हुई कमी हो सकता है।

## अनुबंध - आंकड़ों की सारणियां

### सारणी 1 : आदेश बहियां (ति.1:2009-10 से ति.1:2012-13)

| समाप्त तिमाही | राशि बिलियन ₹ में | | | तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि (%) | | | वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (%) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पिछले आदेश का औसत शेष (467) | नई आदेश बहियों का औसत (467) | लंबित आदेशों का औसत (467) | पिछले आदेश का औसत शेष | नई आदेश बहियों का औसत | लंबित आदेशों का औसत | पिछले आदेश का औसत शेष | नई आदेश बहियों का औसत | लंबित आदेशों का औसत |
| ति1:2009-10 | 1.49 | 0.95 | 1.51 | | | | | | |
| ति2:2009-10 | 1.51 | 1.05 | 1.55 | 1.2 | 9.8 | 2.4 | | | |
| ति3:2009-10 | 1.55 | 1.09 | 1.58 | 2.5 | 4.5 | 2.3 | | | |
| ति4:2009-10 | 1.59 | 1.14 | 1.58 | 2.6 | 4.2 | 0.2 | | | |
| ति1:2010-11 | 1.55 | 1.08 | 1.56 | -2.4 | -5.2 | -1.7 | 3.9 | 13.4 | 3.3 |
| ति2:2010-11 | 1.56 | 1.17 | 1.61 | 0.6 | 8.3 | 3.1 | 3.3 | 11.8 | 4.0 |
| ति3:2010-11 | 1.61 | 1.30 | 1.69 | 3.2 | 11.0 | 5.1 | 3.9 | 18.7 | 6.8 |
| ति4:2010-11 | 1.69 | 1.40 | 1.71 | 5.3 | 7.9 | 1.1 | 6.6 | 22.8 | 7.7 |
| ति1:2011-12 | 1.69 | 1.25 | 1.69 | -0.2 | -10.8 | -0.8 | 9.1 | 15.6 | 8.7 |
| ति2:2011-12 | 1.69 | 1.32 | 1.68 | 0.2 | 5.7 | -1.1 | 8.7 | 12.9 | 4.3 |
| ति3:2011-12 | 1.67 | 1.41 | 1.75 | -1.2 | 6.7 | 4.2 | 4.1 | 8.6 | 3.4 |
| ति4:2011-12 | 1.75 | 1.45 | 1.71 | 4.5 | 2.8 | -1.9 | 3.3 | 3.5 | 0.3 |
| ति1:2012-13 | 1.71 | 1.49 | 1.75 | -2.2 | 3.0 | 2.2 | 1.1 | 19.4 | 3.3 |

### सारणी 2 : क्षमता का उपयोग और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (विनिर्माण) (आधार:2004-05=100)

| तिमाही | ति1: 2009-10 | ति2: 2009-10 | ति3: 2009-10 | ति4: 2009-10 | ति1: 2010-11 | ति2: 2010-11 | ति3: 2010-11 | ति4: 2010-11 | ति1: 2011-12 | ति2: 2011-12 | ति3: 2011-12 | ति4: 2011-12 | ति1: 2012-13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षमता का उपयोग (%) | 73.3 | 78.9 | 80.1 | 79.3 | 74.7 | 76.1 | 78.0 | 81.9 | 76.3 | 75.8 | 76.2 | 79.0 | 72.9 |
| औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-विनिर्माण (तिमाही औसत) (आधार:2004-05) | 149.9 | 158.1 | 162.0 | 175.1 | 165.4 | 169.8 | 176.8 | 190.7 | 178.2 | 175.5 | 178.8 | 191.4 | 176.7 |
| प्रवृत्ति-असंबद्ध तिमाही औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-विनिर्माण | -10.0 | -4.4 | -3.0 | 7.7 | -4.4 | -2.4 | 2.3 | 13.9 | -0.9 | -5.8 | -4.7 | 5.7 | -10.9 |

### सारणी 3 : औसत बिक्री और इन्वेंटरियां तथा उनके अनुपात (ति.1 : 2009-10 से ति.1: 2012-13)

| समाप्त तिमाही | राशि बिलियन ₹ में | | | | | प्रतिशत में अनुपात | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बिक्री का औसत (906) | कुल इन्वेंटरियों का औसत (906) | तैयार माल की इन्वेंटरियों का औसत (906) | प्रक्रियाधीन इन्वेंटरियों का औसत (906) | कच्चे माल की इन्वेंटरियों का औसत (906) | कुल इन्वेंटरी/ बिक्री | तैयार माल की इन्वेंटरी/ बिक्री | कच्चे माल की इन्वेंटरी/ बिक्री |
| ति1:2009-10 | 2.45 | 1.36 | 0.46 | 0.21 | 0.69 | 55.5 | 18.9 | 28.2 |
| ति2:2009-10 | 2.80 | 1.43 | 0.53 | 0.22 | 0.69 | 51.1 | 18.7 | 24.6 |
| ति3:2009-10 | 3.00 | 1.46 | 0.49 | 0.23 | 0.74 | 48.7 | 16.5 | 24.7 |
| ति4:2009-10 | 3.22 | 1.54 | 0.51 | 0.22 | 0.82 | 48.0 | 15.8 | 25.5 |
| ति1:2010-11 | 3.15 | 1.61 | 0.56 | 0.24 | 0.81 | 51.1 | 17.9 | 25.6 |
| ति2:2010-11 | 3.28 | 1.69 | 0.59 | 0.26 | 0.84 | 51.5 | 18.0 | 25.7 |
| ति3:2010-11 | 3.54 | 1.80 | 0.50 | 0.26 | 1.04 | 50.8 | 14.2 | 29.3 |
| ति4:2010-11 | 3.97 | 1.93 | 0.66 | 0.30 | 0.97 | 48.7 | 16.6 | 24.5 |
| ति1:2011-12 | 3.97 | 2.01 | 0.71 | 0.29 | 1.01 | 50.8 | 18.0 | 25.5 |
| ति2:2011-12 | 3.99 | 2.03 | 0.75 | 0.31 | 0.97 | 50.8 | 18.8 | 24.2 |
| ति3:2011-12 | 4.25 | 2.13 | 0.80 | 0.32 | 1.02 | 50.2 | 18.8 | 24.0 |
| ति4:2011-12 | 4.66 | 2.29 | 0.76 | 0.33 | 1.20 | 49.1 | 16.4 | 25.6 |
| ति1:2012-13 | 4.46 | 2.57 | 0.85 | 0.38 | 1.35 | 57.7 | 19.0 | 30.4 |

एफजी: तैयार माल, डब्ल्यूआईपी: प्रक्रियाधीन कार्य, आरएम: कच्चा माल